न्यायालय उपखण्ड अधिकारी (एसडीओ) बालोतरा
पीठासीन अधिकारी श्री विवेक व्यास आर.ए.एस.

राजस्व आवेदन न0 **277/2022**

प्रार्थी :— राजस्थान सरकार जरिये भूमिधारक तहसीलदार पचपदरा

बनाम

विप्रार्थीगण :— बगसे खां, सुमानखां, इबरेखां पि.मुरीद समेखां रहीम खां पि बचूखां, मु.टूगी बेवा बचूखां, मु. सरीफां बेवा नेकूखां, बरगतखां, अदीमखां पि. अकबर मु. हुरमत बेवा अकबर, अदरमीखां हनीफ खां, अहमद खां पि. मलेखां, मु. लादी बेवाः, मलेखां, सबीयां पिरोजी वगै0 सहित ग्राम खनौडा, के खसरा 121, 116, 438/99 व 382/119 के समस्त खातेदार।

प्रार्थना पत्र धारा 130, 131, 136 भू—राजस्व अधिनियम सपठित नियम 59, 60, 66, 86 भू—अभिलेख नियम 1970

उपस्थिति :— 1. प्रार्थी, तहसीलदार पचपदरा

आदेश दिनांक :— 09.06.2023

प्रार्थी राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार पचपदरा नें प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 130,131,136 भू— राजस्व अधिनियम सपठित नियम 60 भू अभिलेख नियम 1970 के तहत प्रस्तुत प्रार्थना—पत्र के संक्षेप्त में तथ्य इस प्रकार हैं कि राज्य सरकार के आदेश क्रमांक प3(2)राज—6/2003/पार्ट/04 जयपुर दिनांक 10.8.2016 के द्वारा राजकीय भूमि/खातेदारी भूमि मे वर्तमान मे चल रहे, बारहमासी रास्ते/ ग्रेवल सडक/ डामर सडक जो राजस्व रेकर्ड मे रास्ते मे रास्ते सडक के रूप मे अभिलिखित नही है, उसको रास्ते के रूप में दर्ज करने के आदेश प्रदान किये गये है [illegible] क्रमः [illegible]स्तुत कर ग्राम **खिदुपुरा, पटवार हल्का खनौडा, भू.अ.नि**[illegible] सड़क /डामर सड़क / बारहमासी रास्ता (जो भी लागू हो) **प्रस्तावित रास्ता ग्राम खिदुपुरा से खिदुपुरा मुख्यालय सरहद तक बारहमासी सडक रास्ता चल रहा है ।**

Signature Not Verified
Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2023.06.29 14:24:22 IST
Reason: SelfAttested

उप खण्ड अधिकारी
(S.D.O.) बालोतरा

उक्त बारहमासी रास्ता ग्राम **खिदुपुरा, पटवार हल्का खनौडा,** भू.अ.निरीक्षक **बडनावा** के खसरा संख्या 121, 116, 438/99 व 382/119 भूमि में चल रहा है को प्रार्थना पत्र के संलग्न परिशिष्ट 'अ' व नक्शा परिशिष्ट "ब" अनुसार **ग्राम खिदुपुरा से खिदुपुरा मुख्यालय सरहद तक** रास्ता को सम्बन्धित खातेदारो की खातेदारी से परिशिष्ट "अ" में वर्णित विवरण अनुसार प्रार्थना पत्र स्वीकार करने का निवेदन किया गया।

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर विप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया।

तहसीलदार पचपदरा को मौके व रेकर्ड की तथ्यात्मक रिपोर्ट हेतु पत्र जारी किया गया। तहसीलदार पचपदरा के पत्र कमाक/ भू.अ/ 2023/ 707 दिनांक 23.02.2023 द्वारा प्राप्त रिपोर्ट के संलग्न मौका फर्द अनुसार प्रकरण मे दिनांक 09.11.2023 को हल्का पटवारी खनौडा , हमराह सरपंच ग्राम पंचायत खनौडा के साथ मौके पर पहुचे , ग्राम खिदुपुरा के खसरा संख्या 121, 116, 438/99, 382/119 के सम्बन्ध मे खसरा संख्या 121 मे से 1.02 बीघा, 438/99 मे से 0.05 विस्वा, खसरा संख्या 116 मे से 12 विस्वा, खसरा संख्या 382/119 मे से 1.02 बीघा रास्ता जो मौके पर ग्रेवल रोड बनी हुई है तथा मौके पर डामर रोड का कार्य चल रहा है । खसरा संख्या 382/119 व 121 मे से दोनो तरफ रास्ता चल रहा है । खसरा संख्या 438/99 जो कि समर्पण भूमि है 5 बिस्वा भूमि है । मौका फर्द मौके पर बनाई गई जिस पर हल्का पटवारी, सरंपच खनौडा के हस्ताक्षर अंकित है ।

उपखण्ड अधिकारी (S.D.O.) बालोतरा

प्रार्थी राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार पचपदरा के निवेदन पर बहस सुनी गई

बहस पर मनन किया गया जिसमे पाया कि [illegible] के आदेश क्रमांक प3(2)राज–6/2003/पार्ट/04 जयपुर [illegible] राजकीय भूमि/खातेदारी भूमि मे वर्तमान मे चल रहे, बारह[illegible]/ डामर सडक जो राजस्व रेकर्ड मे रास्ते मे रास्ते सडक के रूप मे अभिलिखित नही है, मौके पर

Signature Not Verified
Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2023.06.29 14:24:22 IST
Reason: SelfAttested

उप खण्ड अधिकारी
(S.D.O.) बालोतरा

पुराने समय से रास्ता चालू हालत मे मौजूद है तथा आम जन इस रास्ते को आवागमन के उपयोग/उपभोग मे ले रहे है, जो आम जन से सम्बन्ध है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना को स्वीकार करना न्यायोचित प्रतीत होता है ।

उपरोक्त विवेचनानुसार प्रार्थना पत्र स्वीकार कर तहसीलदार पचपदरा को ग्राम **खिदुपुरा, पटवार हल्का खनौडा, भू.अ.निरीक्षक बडनावा** के खसरा नं 121, 116, 438/99 व 382/119 भूमि में एक ग्रेवल सड़क /डामर सड़क /बारहमासी रास्ता **ग्राम खिदुपुरा से खिदुपुरा मुख्यालय सरहद तक बारहमासी तक चल रहे को** प्रस्तावित तहसीलदार पचपदरा के पत्र क्रमांक/ भू.अ/ 2023/ 707 दिनांक 23.2.2023 के संलग्न मौका फर्द दिनांक 20. 3.2023 व ट्रेस नक्शा अनुसार रास्ता राजस्व रेकर्ड में अंकन करने का आदेश दिये जाते है। उक्त रास्ते का रकबा पूर्ववत अनुसार संबंधित खातेदारान के नाम खाते मे ही दर्ज रहेगा। तहसीलदार पचपदरा के पत्र क्रमांक/ भू.अ/ 2023/ 707 दिनांक 23.2.2023 के संलग्न मौका फर्द दिनांक 09.11.2022 व ट्रेस नक्शा निर्णय का अभिन्न भाग रहेगा ।

(विवेक व्यास)

उपखण्ड अधिकारी
(एसडीओ) बालोतरा

उप खण्ड अधिकारी
(S.D.O.) बालोतरा

आदेश आज दिनांक 09.06.2023 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया ।

उप खण्ड अधिकारी
(S.D.O.) बालोतरा

Signature Not Verified

Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2023.06.29 14:24:22 IST
Reason: SelfAttested